प्रधानमंत्री पुलवामा शहीद श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019 में पुलवामा हमले में अपनी जान गंवाने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि आने वाली पीढ़ियाँ उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण को कभी नहीं भूलेंगी। छह वर्ष पहले आज ही के दिन जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकी हमला हुआ था, जिसमें सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार आतंकवाद को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने 2019 में पुलवामा हमले में जान गंवाने वाले जवानों को श्रद्धांजलि दी।

भारत-अमरीका

भारत और अमरीका ने 21वीं संदी में रक्षा साझेदारी के लिए दस वर्षों की नई रूपरेखा पर हस्ताक्षर किये हैं। यह रूपरेखा वर्ष 2025 से 2035 तक लागू होगी और इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमरीका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की वाशिंगटन डीसी में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। एक संयुक्त वक्तव्य में दोनों नेताओं ने निर्णय किया कि अमरीका भारत के साथ रक्षा, बिक्री और सह-उत्पादन का विस्तार करेगा, जिससे अंतर-संचालन और रक्षा औद्योगिक सहयोग मजबूत होगा। दोनों नेताओं ने राष्ट्रीय सुरक्षा और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाले विकास के लिए भारत-अमरीका व्यापार संबंधों को प्रगाढ़ करने का भी निर्णय लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन की दौरे के बाद अमरीका से भारत के लिए रवाना हो गए हैं।

ओबीसी आरक्षण

प्रदेश सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण के मामले में सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगी। कल भोपाल में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ओबीसी को 27% आरक्षण देने के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट के सामने सरकार अपना पक्ष रखेगी और जो भी माननीय न्यायालय का निर्णय होगा वह सर्वमान्य होगा।

राष्ट्रीय खेल

38वें राष्ट्रीय खेलों का समापन समारोह आज उत्तराखंड के हलद्वानी में आयोजित किया जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष 28 जनवरी को इसका उद्धाटन किया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। मध्यप्रदेश ने इन खेलों में 34 स्वर्ण सहित कुल 82 पदक जीते हैं। प्रदेश पदक तालिका में चौथे क्रम रहा।

जीआईएस

24 और 25 फरवरी 2025 को भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों को लेकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री एवं भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक की। बैठक में मंत्री श्री काश्यप ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों की समीक्षा की और सभी व्यवस्थाओं को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यातायात प्रबंधन, आयोजन स्थल पर पार्किंग व्यवस्था और भोपाल में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समिट में आने वाले मेहमानों का आत्मीय स्वागत किया जाए और भोपाल में उत्सव जैसा माहौल बनाया जाए।

उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज शाम भोपाल आ रहे हैं। वह ओल्ड एयरपोर्ट पहुंचकर राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी भदभदा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति यहां अकादमी के स्टॉफ से चर्चा करेंगे। उपराष्ट्रपति यहां एक पेड़ मां के नाम लगाएंगे और संबोधित भी करेंगे।

समाचार संक्षेप में

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर के मुरैना मार्ग स्थित नगर द्वार का नाम बदलकर "दाता बंदी छोड़ द्वार" करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कि यह नामकरण आने वाली पीढ़ियों को संघर्ष, बलिदान और स्वतंत्रता के महत्व को समझाने में मदद करेगा।

- खंडवा- शहर की जल समस्या को स्थायी रूप से हल करने के उद्देश्य से अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 137.50 करोड़ रुपये की लागत से चारखेड़ा से खंडवा तक 37.50 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जा रही है।

....